# ये उपाय चुपचाप करेंगे तो आप भी हो जायेंगे मालामाल



यदि कड़ी मेहनत के बाद भी आपकी पैसों की कमी दूर नहीं हो रही है या आप और अधिक पैसा कमाना चाहते हैं तो यहां कुछ तांत्रिक उपाय बताए जा रहे हैं। इन उपायों को करने पर पैसों की तंगी दूर हो जाती है।

ऐसा माना जाता है कि तंत्र शास्त्र के उपाय बहुत जल्दी असर दिखाना शुरू कर देते हैं। यदि आप भी ये उपाय करेंगे तो निश्चित ही लाभ प्राप्त होंगे। जानिए कुछ तांत्रिक उपाय...

मालामाल होने की इच्छा रखने वाला व्यक्ति बुधवार को यह तांत्रिक उपाय करें। उपाय के अनुसार बुधवार के दिन सात साबूत कौडियां लें। कौडियां बाजार में पूजन सामग्री की दुकानों पर आसानी से मिल जाती है। इसके साथ ही एक मुट्ठी हरे खड़े मूंग लें। दोनों को एक हरे कपड़े में बांध लें और किसी मंदिर की सीढियों पर चुपचाप रख आएं।

ध्यान रखें इस बात को किसी को बताए नहीं, अन्यथा उपाय निष्फल हो जाएगा।

किसी भी सप्ताह के रविवार को एक गिलास दूध का तांत्रिक उपाय करेंगे तो आप पैसों का सुख प्राप्त करने लगेंगे।

यह तांत्रिक उपाय करने के लिए आपको रविवार की रात को सोते समय 1 गिलास में दूध भरकर अपने सिर के पास रखकर सोना है। इसके लिए ध्यान रखें कि नींद में दूध ढुलना नहीं चाहिए।

सुबह उठने के बाद नित्य कर्मों से निवृत्त हो जाएं। इसके बाद इस दूध को किसी बबूल के पेड़ की जड़ में डाल दें। ऐसा हर रविवार की रात को करें।

यह एक तांत्रिक उपाय है और इससे आपके ऊपर लगी बुरी नजर दूर होगी। नकारात्मक शक्तियों का असर खत्म होगा और कार्यों में सफलता मिलने लगेगी। पैसों की कमी दूर हो जाएगी।

यदि आप पैसों की तंगी से परेशान हैं और ईमानदारी से मेहनत करने के बाद भी फल नहीं मिल रहा है तो किसी भी सोमवार को यह उपाय करें।

उपाय के अनुसार सोमवार की रात जब चंद्रोदय हो जाए तो उसके बाद अपने पलंग के चारों कोनों में चांदी की कील ठोक दें। चांदी की कील छोटी-छोटी भी लगाई जा सकती है। यह एक चमत्कारी तांत्रिक उपाय है और इससे आपके घर के आसपास की नकारात्मक ऊर्जा भी नष्ट हो जाती है। पैसों की समस्याएं दूर होने लगती हैं।

मालामाल होने के लिए कच्चे दूध का 1 अन्य उपाय करें। हर सोमवार के दिन सुबह जल्दी उठें। उठने के बाद नित्य कर्मों से निवृत्त होकर पवित्र हो जाएं। इसके बाद आपके घर के आसपास किसी भी शिव मंदिर जाएं और वहां शिवलिंग पर कच्चा दूध चढ़ाएं।

यदि ऐसा हर सोमवार को किया जाए तो आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाएंगी। यह बहुत ही सरल और चमत्कारी उपाय है।

धन-संबंधी परेशानियां दूर करने के लिए सप्ताह के हर गुरुवार को यह तांत्रिक उपाय करें। उपाय के अनुसार हर गुरुवार को आप पीले वस्त्र पहनें। खाने में पीले रंग की मिठाई खाएं। इसके साथ ही पीले रंग की वस्तु का दान करें। पीले रंग की वस्तु जैसे पीले रंग का कपड़ा, पीला फल आम, हल्दी आदि।

इस उपाय से भी धन की कमी दूर होती है।

यदि कोई व्यक्ति कर्ज के कारण परेशान है और कर्ज का भुगतान नहीं कर पा रहा है तो उसे यह तांत्रिक उपाय करना चाहिए। ऋण की किश्तों का भुगतान मंगलवार के दिन ही करें। इसके अलावा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बुधवार और गुरुवार को किसी को ऋण के रुपए नहीं देना चाहिए। मंगलवार का दिन ऋण की किश्ते चुकाने के लिए श्रेष्ठ है। इस बात का ध्यान रखेंगे तो कर्ज जल्दी खत्म हो जाएगा।

एक अन्य प्रभावशाली टोटके के अनुसार यदि संभव हो तो हमेशा चांदी के बर्तन में पानी पीएं। चांदी बर्तन ना हो तो गिलास में पानी भरें और उसमें चांदी की अंगुठी डालकर पानी पीएं। यह प्राचीन, सरल और बहुत चमत्कारी तांत्रिक उपाय है। इससे निश्चित ही धन-संबंधी मामलों में राहत मिलती है।

यहां बताए गए सभी उपाय तंत्र शास्त्र के अनुसार दिए गए हैं। ऐसे उपाय चुपचाप बिना किसी को बताए किए जाए तो अधिक प्रभावी सिद्ध होते हैं। अतः इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही इन उपायों के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका या संदेह न करें। यह पूरी तरह आस्था और विश्वास के उपाय हैं।

## दीपावली पर धन वृद्धि के लिए आजमाएँ उल्लू के टोटके-

उल्लू देवी लक्ष्मी का वाहन है। माना जाता है कि दीपावली की रात इसके दर्शन हो जाएं तो पूरे साल धन का आगमन बना रहता है। लेकिन इसके दर्शन बड़े ही दुर्लभ हैं इसलिए दीपावली की रात उल्लू से संबंधित टोटके भी प्रचलित हैं जिनसे लक्ष्मी की कृपा प्राप्त की जा सकती है। ऐसे ही कुछ आसान टोटके बता रहे हैं, जिन्हें आप चाहें तो आजमा सकते हैं।

### उल्लू की तस्वीर लगाएँ-

दीपावली की शाम दीप जलाने के बाद तिजोरी अथवा जहां भी आप धन रखते हैं वहां उल्लू की एक तस्वीर लगाएं। पूरे साल आर्थिक लाभ के अवसर मिलते रहेंगे।

### रोग भगाएं समृद्धि लाएं-

दीपावली की रात में गणेश लक्ष्मी की पूजा से पहले उल्लू और मोर के पंख को लाल धागे में बांधकर घर के मुख्य द्वार पर लटकाएं। इससे नजर दोष एवं नकारात्मक उर्जा का घर में प्रवेश नहीं होता है। घर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य

एवं धन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### व्यापार में उन्नति के टोटके-

व्यापार में उन्नति की रफ्तार को बढ़ाने के लिए दीपावली की मध्य रात्रि में काले कपड़े में काली कौड़ी और उल्लू के पंख को बांधकर तिजोरी में रख दें। इस पोटली को दुकान या ऑफिस के मुख्य दरवाजे पर बांधने से भी कारोबार में उन्नति होती है। धन लाभ बढ़ता है।

दीपावली से पूर्व घोड़े की एक अखण्डित नाल प्राप्त करें। दीपावली तक इसे सरसों के तेल में डुबाकर रख दें। दीपावली के दिन यह तेल दान कर दें और नाल कच्चे दूध तथा गंगाजल में डुबाकर दीपावली की रात्रि तक रहने दें। दीपावली की रात्रि को बारह बजे के बाद निकालकर घर, दुकान, आफिस के मुख्य द्वार पर इस प्रकार कील से गाड़ दें कि उसका मुंह नीचे की और रहे। यदि कुछ दिन बाद लगे कि प्रभाव नहीं हो रहा हो तो किसी भी शनिवार को नाल का मुँह ऊपर की ओर कर दें। इस प्रकार मुंह परिवर्तन करने से भी चमत्कारिक प्रभाव देखा गया है।

### दाम्पत्य जीवन में प्रेम और समृद्धि लाएँ-

पति-पत्नी अपने दाम्पत्य जीवन में प्रेम बढ़ाने के लिए दीपावली की रात उल्लू के नाखून को सिंदूर के साथ लाल कपड़े में लपेटकर बाजू में बांध लें या फिर श्रृंगार पेटिका में रखें तो पति-पत्नी के संबंध मजबूत होते हैं। आर्थिक तंगी के कारण परिवार में मनमुटाव नहीं होता है।

### जेब रहेगी हरी भरी

अगर आपकी शिकायत रहती है कि जो भी कमाते हैं खर्च हो जाता है। पैसा जेब में टिकता ही नहीं तो दीपावली की रात एक आसान-सा उपाय आजमा सकते हैं। तांबे के एक ताबीज में गोरोचन और उल्लू के पंख को भरकर अपनी जेब में रख लें। लक्ष्मी माता की कृपा से जेब हरी भरी रहेगी।

लक्ष्मी पूजन के समय 'श्री' अंकित कमलगट्टे को चावल की ढ़ेरी बनाकर उस पर स्थापित करना चाहिए। लक्ष्मी पूजन के समय इसकी भी पूजा करें। पूजन के पश्चात् इसे अपने पास रखने से धन की कमी नहीं रहती, आपकी जेब हमेशा भरी रहती है।

### शिक्षा में सफलता हेतु प्रयोग-

यदि आप विद्यार्थी हैं और परीक्षाओं में अधिक सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह अचूक प्रयोग आपके लिए है। यह प्रयोग दीपावली की रात्रि में स्थिर लग्न में करना चाहिए। सर्वप्रथम अपने अध्ययनकक्ष को शुद्ध जल से धो लें तदुपरांत पूर्व अथवा ईशान दिशा में एक चौकी बिछाएं। उस पर नवीन श्वेत वस्त्र बिछाकर मां सरस्वती का चित्र अथवा प्रतिमा अक्षत एवं पुष्प डालकर स्थापित कर दें। मां का यथाविधि पूजन करें। तदुपरांत निम्नलिखित मंत्र की एक माला करें :

ॐ ऐं वाग्देव्यै च विद्महे कामराजाय धीमहि। तन्नो देवी प्रचोदयात्।।

दीपावली के पश्चात् इस मंत्र का स्नानादि से निवृत्त होकर सूर्योदय से पूर्व यथासंभव जप करना चाहिए। उसके पश्चात् अपनी पढ़ाई शुरू करनी चाहिए। यह अचूक प्रयोग है। इससे आपकी बुद्धि, एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि होगी और आप परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करेंगे।

### आर्थिक समस्या से हैं परेशान तो 21 दिनों तक करें यह काम-

जीवन जीने के लिए अहम चीज है धन इसके अभाव में जीवन दुःख का पहाड़ लगने लगता है। अगर आप भी धन की परेशानी के कारण जीवन में दुःख और तकलीफ का सामना कर रहे हैं तो एक बार धन वृद्धि के प्राचीन टोटके को आजमाकर देखें।

शनि अमावस्या, शनि जयंती अथवा किसी शुभ मुहूर्त में शनिवार के दिन शुद्ध उड़द की दाल को पीसकर उसके दो बड़े बनाएं। शाम में ठीक सूर्यास्त के समय इन पर शुद्ध दही और सिंदूर लगाएं। ध्यान रखें, उड़द की दाल में कोई अन्य दाल न मिला हो।

बड़ों को ले जाकर किसी पीपल के पेड़ के नीचे रख कर पीपल को प्रणाम करें। पीछे की ओर मुड़कर देखे बिना वापस घर लौट आएँ। ध्यान रखें रास्ते में कहीं रूके नहीं और न किसी से बात करें। इस काम को नियमित 21 दिनों तक दुहराएँ।

◆◆◆

लक्ष्मी महापर्व उत्सव
धन और वैभव से आंगन भर देगी,
अब महालक्ष्मी स्वयं आपको धन्य कर देगी



अक्षय लक्ष्मी कुबेर कलश
कलश न्यौछावर राशि 5100 रु. डाक खर्च सहित
लक्ष्मी-विनायक कलश
कलश न्यौछावर राशि 2100 रु. डाक खर्च सहित
डाक खर्च सहित यह राशि आपको बैंक एकाउन्ट में, पोस्टल ऑर्डर द्वारा, मनीऑर्डर, ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम भेजने पर ही घर बैठे यह कलश प्राप्त होगा
त्रिनेत्र सिद्धि केन्द्र
प्लॉट नं.-1, महावीर नगर, गौरव पथ, पॉलिटेक्निक कॉलेज मैन गेट के पास, जोधपुर(राज.)
फोन : 0291-2621625, 2615625, 2440111-999 टेलीफैक्स : 0291-2618625
Email : tantravtj@yahoo.co.in Visit us : www.kamalshrimali.com
SBI-A/C NO.3298988-9790
IFSC-CODE : SBIN0006490
HDFC A/C NO. 014-22560005331
IFSC CODE : HDFC000142
सौभाग्यशाली अवसर बार-बार नहीं आते...